अन्नोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

12 अक्टूबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत राज्य में अन्नोत्सव कार्यक्रम** का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अन्नोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण राज्य में **1 माह में 14 लाख राशन के बैग (निःशुल्क) वितरित किये जाएंगे।**
- इसके साथ इस कार्यक्रम में ही **संपूर्ण माह राज्य की समस्त 9230 राशन की दुकानों के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण** किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत वर्ष 2020 में अंत्योदय एवं प्राथमिक परिवारों के लाभार्थियों को अप्रैल माह से नवंबर माह तक प्रति यूनिट 5 किग्रा. खाद्यान्न (गेहूँ/चावल) तथा 1 किग्रा. दाल का प्रति कार्ड निःशुल्क वितरण किया गया।
- इसी प्रकार वर्ष 2021 में अंत्योदय एवं प्राथमिक परिवारों के लाभार्थियों को माह मई से नवंबर तक कुल 7 माह तक प्रति यूनिट 5 किग्रा. खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि राज्य में '**वन नेशन वन राशन कार्ड**' योजना के अंतर्गत अगस्त 2020 से राशनकार्ड पोर्टेबिलिटी लागू की गई है, जिसके माध्यम से राज्य में अन्य राज्यों से आने वाले प्रवासी परिवारों को खाद्यान्न सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/annotsav-program-1